सत्यमेव जयते

# गणतंत्र दिवस 2022

# के

# अवसर पर

# ब्रिगेडियर (डॉ.) बी. डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त)

# माननीय राज्यपाल अरुणाचल प्रदेश

# का

# अभिभाषण

ईटानगर

मेरे अरुणाचल प्रदेश के प्यारे बहनों और भाईयों,

1. भारत के 73वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मैं, आप सबको, हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ एवं अपने राज्य के सभी नागरिकों और उनके परिवार के परिजनों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करता हूँ। आज ही के दिन स्वतंत्र भारत के संविधान के लागू होने पर हम सबने अपने देशवासियों के लिए न्याय, स्वतंत्रता और समानता को सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया था। हर्ष की बात है कि हम गत सात से ज्यादा दशकों में इस मुकाम पर गौरव से खड़े हैं।

2. आज मैं भारत की सशस्त्र सेनाओं, अर्द्ध-सैनिक बलों और राज्य पुलिस का भी स्वागत करता हूँ, जो बड़ी सर्तकता से हमारे देश में आन्तरिक एवं सीमावर्ती शांति बनाये रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।
मैं अपनी ओर, और आप सबकी ओर से, अपने देश के सभी किसानों, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों, सभी सरकारी अधिकारियों एवं उद्यमियों को भारत के विकास में सहयोग एवं भागीदारी के लिए धन्यवाद देता हूँ।

3. यह वर्ष हमारे देश के आजादी का हीरक वर्ष है, और, हमारे राज्य अरूणाचल प्रदेश के नामकरण की स्वर्ण जयंती का साल है। आइए हम सब मिलकर अपने प्रयासों से अपने प्रदेश एवं देश को प्रखर रूप से उन्नति की पराकाष्ठा पर ले जाएं।

## आत्म-निर्भर भारत

4. हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आत्म-निर्भर भारत का आवाहन देश की आर्थिक व्यवस्था को बड़ी कल्याणकारी दिशा दे रहा है।

## स्वास्थ्य

5. मित्रों, पिछले दो वर्षों से हमारा देश कोरोना महामारी से जूझ रहा है। इस संकट की घड़ी में हमारे माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का मार्ग दर्शन और प्रबंधन भारत की पूरी जनता के लिए एक प्रभावकारी आवलम्बन सिद्ध हो रहा है। कोरोना की विषम परिस्थितियों के बाबजूद हमारे अरूणाचल प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री श्री पेमा खांडू जी के नेतृत्व में हमारी प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

6. कोरोना और इसके नये अवतार ओमीक्रोन से बचाव के लिए कोविड वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट और ICU यूनिटें, 1000 से ज्यादा मरीजों के लिए Oxygen Bed और

पर्याप्त Oxygen generation plants हमारे प्रदेश में लगाये जा चुके हैं। अतरिक्त 77, ICU Beds, 10 Pediatric Care Units, और 17 आधुनिक जिला अस्पताल के निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं।

7. पिछले साल हमारी सरकार ने तवांग और नामसाई जनपदों में CT Scan मशीनें उपलब्ध करायी हैं। ईटानगर के R. K. Mission अस्पताल में MRI मशीन भी लगाई जा चुकी है। Aalo, Ziro और Bomdila में भी इन मशीनों के लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

8. मैं अपने प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मियों को इस Pandemic में लोगों की देखभाल करने के लिए साधुवाद देता हूँ। मित्रों कोरोना का संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है, अतः मैं अरुणाचल प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से अपील करता हूँ कि वह कोविड उपयुक्त व्यवहार की आदत पैदा करें।

<u>स्वच्छ भारत</u>

9. यह कहा जाता है कि "स्वच्छता भक्ति से भी बढ़कर है"। यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हमारा राज्य कूड़े और गंदगी से मुक्त हो।
हमें प्लास्टिक और ऐसे अन्य प्रदूषणकारी पदार्थों के उपयोग को समाप्त करने के लिए व्यवहार संबंधी परिवर्तन लाने चाहिए । हमें अपने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान के साथ, हाथ मिलाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा राज्य हरित और स्वच्छ बना रहे ।

<u>प्रशासन</u>

10. हमारे मुख्य मंत्री श्री पेमा खांडू जी ने योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए Staff Selection Board खोला है तथा ई-प्रगति द्वारा बैठकें, शिक्षा विभाग का Know your teacher, Health विभाग का tele-medicine, कृषि विभाग का आत्म-निर्भर कृषि और बागवानी, वित्त विभाग का ई-अबकारी और गृह विभाग का महिला थाना हमारी सरकार की उपलब्धियाँ रही हैं।

11. हमारे सीमावर्ती क्षेत्र के विकास के लिए दूर-दराज के गाँवों में पीने का पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा और रोजगार की व्यवस्थायें विकसित की जा रही हैं। इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए हमारे मुख्य मंत्री श्री पेमा खांडू जी सभी सुदूर कस्बों और गाँवों का दौरा कर रहे हैं।

12. यह हमारे प्रदेश के लिए गरिमा की बात है कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 26 दिसम्बर 2021 की अपनी मन की बात में हमारे प्रदेश के Air Gun Surrender Abhiyan की विशेष चर्चा की। इसमें 1672, Air Guns, 8, लाइसेंसशुदा गन और 11 Power Chain saws भी शुमार हैं।

13. नौकरशाही में होने वाले विलंब को खत्म करने के लिए बजट अनुदान, वित्तीय स्वीकृति, Letter of Credit और PFMS release के चार स्तरों को कम करके दो स्तर का बना दिया है।

<u>नशा-मुक्ति</u>

14. हमारी सरकार ने युवाओं को मादक पदार्थ से बचाने के लिए एक पंचवर्षीय नीति बनाई है। जिसमें इन पदार्थों के उत्पादन, वितरण और सेवन पर रोक लगाने के लिए काम किया जा रहा है। नशा मुक्ति एवं उसके पूर्णवास के लिए हमारी सरकार प्रयत्नशील है।

<u>जल जीवन</u>

15. माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' जो 2024 में पूरा होना है, उसको हमारी सरकार समय से पहले पूरा कर लेगी। लोवर दिवांग वैली जिला के जिया, नामसाई जिला के चौखम में integrated water एवं tourism प्रोजेक्ट शुरू हो गए हैं, और इसी प्रकार के प्रोजेक्ट Tawang, East Kameng, Leparada, Longding और Shi-Yomi जनपदों में जल्द ही शुरू किये जायेंगे।

<u>विद्युत</u>

16. जल विद्युत योजनाओं पर अगले 10 साल में 4 लाख करोड़ की लागत से प्रदेश की उर्जा शक्ति को बढ़ाने का उद्देश्य है। 600 मेगावाट Kameng Hydro Electric Project तैयार हो गया है और Lower Subansiri के 2000 मेगावाट प्रोजेक्ट में 500 मेगावाट की दो यूनिट अगस्त तक काम करने लगेगीं। सीमांत स्थानों पर लघु जल विद्युत परियोजना के तहत 50 करोड़ रूपये की लागत से 17 प्रोजेक्ट की स्वीकृति दी जा चुकी है। 20 हजार सोलर स्ट्रीट लाईट और दो लाख सोलर लैम्प वितरित किये जा चुके हैं। सोलर लाईट के लिए हमारी सरकार ने 20 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि निर्धारित की है। भारत सरकार के अनुदान से 132/33 KV transmission lines और 132/33 KV transmission sub Stations पर काम शुरू हो गया है।

<u>यातायात</u>

17. हमारी सरकार का खास ध्यान राजमार्ग और संचार की व्यवस्था पर है। चन्द्रनगर से पापुनाला तक चार लेन की सड़क और नेचीपु से होज तक दो लेन की सड़क बनाई जा

**चुकी है। पापुनाला से बंदरदेवा तक की चार लेन की सड़क, Potin से Pangin की दो लेन की सड़क तथा Hukanjuri से Khonsa, Longding से Tissa-Khonsa और Lalpul – Manmao – Changlang सड़क पर काम शुरू हो गया है। तेजपुर से तवांग के लिए Balipara-Charduar-Tawang सड़क पर भी काम शुरू हो गया है। West Kameng District में Sela Tunnel, और Nechiphu tunnel शीघ्र ही तैयार हो जाएगी। Kra Daadi में ताली रोड और जिला चांगलांग में मियाओ-विजयनगर रोड बनाई जा रही है। इनके निर्माण से पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा।**

**<u>नागरिक उड्डयन</u>**

**18. होलोंगी में प्रदेश का राष्ट्रीय हवाई अड्डा इस साल 15 अगस्त तक तैयार हो जाएगा। उड़ान योजना के तहत गौहाटी से पासीघाट और गौहाटी से तेजू रूट पर ATR-72 हवाई जहाज चलने लगे हैं। अरूणाचल प्रदेश में दो Dornier DO-228 हवाई जहाजों के चलने की मंजूरी भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मिल चुकी है।**

**<u>शिक्षा</u>**

**19. शिक्षा में सुधार के लिए हमारी सरकार ने 2021-22 को शिक्षा वर्ष घोषित किया है। शिक्षा मंत्रालय के रिपोर्ट के अनुसार हमारे प्रदेश का शिक्षा Performance Grading Index 570 (2018-19) से उन्नत होकर 698 (2019-2020) हो गया है।**

**20. हमारी सरकार ने पूरे राज्य के स्कूलों की समीक्षा के दौरान 400 ऐसे स्कूलों को बंद किये हैं जिनमें zero enrolment पाये गये हैं। हर जिले में अन्तर ग्राम स्कूल खोलने की हमारी योजना है और पूरे 60 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक आधुनिक शिक्षा सुविधाओं वाला Modern स्कूल भी खोला जायेगा।**

**21. मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए हमारे शिक्षा विभाग ने Nyishi, Galo, Tagin, Kaman, Taraon, Idu, Tangsa और Wancho भाषाओं में किताबें उपलब्ध करायी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के लिए Class Room, Laboratory, Library, लड़के और लड़कियों के लिए हॉस्टल इत्यादि उपलब्ध करने पर हमारा प्रदेश All India Survay 2020 पर compliant हो गया है।**

**22. हमारे प्रदेश ने शिक्षा उत्थान के लिए Azim Premji Foundation, Rotary India, Literary Mission और Quality Council of India से वांच्छित मदद ली है। हमारे शिक्षा विभाग ने छात्रों को Heroes of Arunachal Pradesh विषय पर, पुस्तक उपलब्ध करायी है।**

**23. हमारे छात्रों में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत करने के लिए हमारे प्रदेश में दो Ekalavya Model Residential स्कूल चल रहे हैं। तीन और ऐसे स्कूल शीघ्र ही खुल**

जाएंगे और दो नये स्कूल निर्माणाधीन और चार विचाराधीन है। कुल मिलाकर प्रदेश में शिक्षा उत्थान के लिए 11 Ekalavya Model Residential स्कूल शीघ्र ही उपलब्ध हो जायेंगे।

<u>विकास</u>

24. हमारी सरकार ने राजकीय वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन में अपनी पहचान बना ली है। हमने कोविड महामारी के भंयकर विपरीत प्रभाव के बाबजूद अपनी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कोई समझौता नहीं किया। यह हमारी सरकार के लिये गरिमा की बात है कि राज्य की सभी प्रतिबद्ध देनदारियों, जैसे वेतन, पेंशन, मजदूरी, ऋण चुकौती आदि का सुचारू रूप से निर्वहन किया है। उल्लेखनीय है कि हमारी सरकार ने राष्ट्रीय औसत की तुलना में भी पूंजीगत व्यय का उच्च अनुपात बनाए रखा है।

25. हमारी सरकार ने दो MoU पर हस्ताक्षर किया है जो कि North Eastern Space Technology को विशेष बढ़ावा देगा और National Institute of Smart Governance के साथ राज्य को जोड़ा जाएगा।

26. हमारे यशस्वी मुख्य मंत्री श्री पेमा खांडू के द्वारा चलाये गये "सरकार आपके द्वार" अभियान के तहत दूर-दराज के गाँवों तक घर-घर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

27. हमारे प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष श्री पी.डी. सोना जी के द्वारा चलाया गया नेशनल ई-विधान कार्यक्रम पूरे देश में एक अनोखा कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम को देश के अन्य राज्य जैसे हरियाणा इत्यादि अनुकरण कर रहे हैं। Ease of Doing Business में हमारे प्रदेश में Single Window Clearance Portal चालू हो गया है। हमारे युवा उद्यमियों के लिए Investment Promotion Agency बना दी गई है।

28. दीन दयाल उपाध्याय स्वावलम्बन योजना में 374 युवा उद्यमियों को लाभ मिला है। पिछले साल के बजट में इस मद के लिये 15 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 30 करोड़ की धनराशि निर्धारित की गई थी। इस क्रम में हमारे प्रदेश में Start up Policy को भी सुदृढ़ बनाया गया है।

29. Climate Resilient Development में हमारे राज्य ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जन जीवन को Climate Change से बचाने के लिए Biodiversity के तहत 'Pakke Declaration' का एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

**30. ग्रामीण Livelihood Mission के तहत 4,227 Self Help Group के 1318 गाँव में 38000 घरों को cover किया गया है। 789 Self Help Group को 8 करोड़ रुपये तक की सहायता पहुंचाई गई है। Spice Model के तहत सफल पंचायती चुनाव के बाद PRI सदस्यों को वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए है।**

**31. हमारे प्रदेश में निश्चित रूप से Sustainable Development Goals के तहत हमारे कार्यक्रम से 2030 तक अच्छे परिणाम प्राप्त होने लगेंगे।**

**<u>रोजगार</u>**

**32. हमारे प्रदेश के पापुमपारे जिले के सगाली कस्बे में पहला महिला ITI शुरू हो गया है। Ziro के Manipolyang कस्बे में ITI अगले साल से प्रारंभ किया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत 6307 युवाओं को Plumber, Domestic Electrician, Carpentry, mason और वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है।**

**<u>जन वितरण प्रणाली</u>**

**33. कोरोना के विषम परिस्थिति में भी हमारे राज्य का Public Distribution System प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रदेश के कोने-कोने में राशन पहुँचाने में सफल रहा है। One Nation, One Ration Card के तहत 1 लाख 77 हजार राशन कार्ड बनाये गए हैं और 1622, Fair Price Shop में automation कर दिया गया है।**

**<u>कला एवं संस्कृति</u>**

**34. हमारा प्रयास है कि हमारे युवा आधुनिकता के दौर में अपने अतीत से जुड़े रहे और हमारी Indigenous community अपने संस्कृति के संचय और विकास पर प्रसस्त रहें। इस दिशा में हमारे Indigenous faith के गुरूओं के प्रशिक्षण एवं उन्हें सनद् और प्रामाणिकता प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है। हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का दस्तावेजीकरण करने की तत्काल आवश्यकता है। मेरी सरकार ने आदी, निशी, वांचू, नोक्ते और तंगसा जनजातियों की संस्कृति के प्रलेखन पर परियोजना शुरू की है। इसमें कई और जनजातीय प्रलेखन शामिल करने का प्रयास हो रहा है। हाल ही में Indigenous मामलों के विभाग के तत्वावधान में RIWATCH द्वारा तैयार किया गया आदी जनजाति की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर एक वृत्तचित्र का विमोचन किया गया है।**

**<u>पर्यटन</u>**

**35. हमारी जनजातियों की धरोहर को आकर्षक बनाने के लिए Siang River उत्सव 20 दिसम्बर 2021 को मनाया गया है। हमारे पर्यटन विभाग ने 15 दिन का Trans Arunachal Drive, 2021 का आयोजन किया जो, 16 जनपदों के मध्य से 2500**

किलोमीटर की दूरी तय करते हुए संपन्न हुआ। हमारी सरकार caravan tourism की योजना बना रही है। यह पर्यटन सर्किट तवांग, जीरो, मेचुखा, अननी, नामसाई, किबिथू, काहो इत्यादि स्थानों को शामिल करेगा।

## सूचना प्रौद्योगिकी

36. ई-ऑफीस अब हमारी सरकार के सभी विभाग इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वर्ष ई-ऑफीस कार्यक्रम को जिला स्तर तक पहुँचा दिया जायेगा।

37. Digital संपर्क योजना में Optical Fiber Network लगाया जा रहा है। इसके लिए 149, 4G, Airtel Tower लगाये जा चुके है, और 410, VSAT Tower इस साल लगा दिए जायेंगे। सीमावर्ती स्थानों पर 980, 4G, Mobile Tower लगाकर 1683 गाँवों को संचार की सुविधा देने के लिये काम शुरू हो गया है।

## कृषि

38. प्रधान मंत्री किसान योजना के तहत हर एक भूमिधर कृषक को वार्षिक 6000 रूपये का अनुदान तीन किस्तों में देने की पहल शुरू हो गयी है। इस कार्यक्रम में 98,206 कृषक पंजीकृत किए गए है। किसानों की आमदनी को दुगुना करने के लिए हमारी सरकार ने "आत्म निर्भर कृषि योजना" और "आत्म निर्भर बागवानी योजना" चलाई है। इस कार्यक्रम से हमारे किसानों को अपने उत्पादन में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी। भारत सरकार के आयल पाम उत्पादन योजना के तहत हमारी सरकार भी अपने किसानों के हित में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है।

## कर व उत्पाद विभाग

39. हमारे प्रदेश में Tax & Excise Department के प्रोजेक्ट 'ई-अवकारी' को उसकी कुशलता के लिए 'Award of Excellence 2021' से नवाजा गया है। India Today पत्रिका ग्रुप ने States of States Survay में हमारे प्रदेश में यातायात की सुविधाओं में बढ़ोतरी के आधार पर most improved small state का दर्जा प्रदान किया है।

## बंद संस्कृति

40. मैं अपने राज्य में पिछले 4 साल 4 महीने से आपके साथ रह रहा हूँ। इस कालखंड में मुझे बंद कॉलों ने सबसे ज्यादा मानसिक कष्ट दिया है। ज्यादातर मामलों में, ये बंद कॉल जरूरी नहीं थे। इन बंदों से आम आदमी, गरीब, रोज कमाने खाने वाले, मजदूर, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हुई है।

अधिकांश बंद दुर्भाग्यवश हिंसक हो गए हैं और हमारे लोगों से एकत्र की गई करोड़ों रुपये की सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट कर दिया गया है। हमारे प्रशासन ने, अब, इन बंद आह्वानों को कानून के मुताबिक संभालने का संकल्प लिया है। किसी भी गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दास्त नहीं किया जाएगा और किसी भी तरह की क्षति पहुँचाने वाले और दुकानदारों को अपना शटर नीचे खींचने के लिए मजबूर करने वाले लोगों पर कानूनी कार्यवाई की जाएगी। कानून तोड़ने वालों के लिए, राज्य प्रशासन अब 'शून्य' सहनशीलता रखेगी। मैं अपने राज्य के प्रत्येक प्रिय नागरिकों से, इन विनाशकारी बंदों से असहयोग करने और उसे हर कीमत पर हराने का आग्रह करता हूँ।

41. आज मैं आपलोगों को एक शुभ समाचार देना चाहता हूँ। हमारी सरकार अरुणाचल प्रदेश और असम राज्यों के बीच लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी के मार्गदर्शन में दोनों राज्य स्थायी समाधान के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह सीमा विवाद निकट भविष्य में सुलझ जाएगा। 24 जनवरी 2022 को हमारे मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू जी ने गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। उनकी बातचीत सीमा विवाद को सुलझाने में सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

42. प्रिय भाइयों एवं बहनों, हमारे यशस्वी मुख्य मंत्री श्री पेमा खांडू जी के नेतृत्व में हमारी सरकार पारदर्शिता और प्रशासनिक प्रखरता के सिद्धांतों पर पूरे निष्ठा से काम करने का प्रयास कर रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस प्रयास में हमारे मुख्य मंत्री श्री पेमा खांडू जी को हमारे सभी अरूणाचली भाई और बहनों का सहयोग अनवरत प्राप्त होता रहेगा।

43. मैं आश्वस्त हूँ कि आप सब लोगों के सहयोग से हमारा प्रदेश, भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का, सबसे अग्रसर प्रदेश अवश्य बनेगा।

धन्यवाद

**जय अरूणाचल**

**जय हिन्द**